वर्ष 30 अंक 74
Pages 12
Bareilly, Sunday,
25 November 2018
BAREILLY EDITION
Within Bareilly City - ₹ 2/-
Outside Bareilly City - ₹ 3/-

दैनिक जागरण

inext

PAGE NO 4 : MIDDLE RIGHT

एसआरएमएस के 10 स्टूडेंट्स का प्लेसमेंट

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (24 Nov): श्री राम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नॉलोजी, कॉलेज में ट्रेनिंग डेवलेपमेंट एंड प्लेसमेंट विभाग में न्यूक्लियस साफ्टवेयर ने बीटेक स्टूडेंट्स के लिए कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया. जिसमें न्यूक्लियस सॉफ्टवेयर कंपनी कैंपस सेलेक्शन के लिए पहुंची थी. जिसमें कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, इंफॉरमेशन टेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, एवं एमबीए के अन्तिम वर्ष के स्टूडेंट्स ने भाग लिया.

64 स्टूडेंट्स को किया शॉर्टलिस्ट

चयन प्रक्रिया का प्रारम्भ कंपनी प्रेजेंटेशन के साथ हुआ, जिसमें कम्पनी के एचआर मैनेजर ने अभ्यर्थियों को कम्पनी के बारे में बताया. इसके बाद स्टूडेंट्स का ऑनलाइन टेस्ट हुआ, जिसमें 155 स्टूडेंट्स ने भाग लिया. जिसमें से 84 स्टूडेंट्स को टेक्निकल इंटरव्यू के लिए शार्टलिस्ट किया गया. इसके बाद 37 स्टूडेंट्स का पर्सनल इंटरव्यू हुआ. जिसमें से 10 स्टूडेंट्स का अंतिम चयन हुआ. प्लेसमेंट में बरेली के साथ उन्नाव कॉलेज से भी स्टूडेंट्स पहुंचे थइस मौके पर प्रो. सुभाष मेहरा, ट्रस्ट प्रशासक, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, निर्मल जोशी, पूजा शर्मा एवं नेहा सक्सेना आदि मौजूद रही.

स्टूडेंट्स से रूबरू होती कंपनी की अधिकारी.